भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3140

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

कर्नाटक में राजमार्ग परियोजनाएं

3140. श्री ए॰ नारायण स्वामीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कर्नाटक में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के विकास और चौड़ा करने संबंधी विभिन्न परियोजनाओं विशेषकर एनएच-13 के होसपेट-चित्रदुर्ग खंड को चार-लेन का बनाने और एनएच-4 के चित्रदुर्ग-दावनगेरे खंड को छह लेन का बनाने संबंधी परियोजना की परियोजना-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

वर्तमान में, कर्नाटक राज्य में पिछले 4 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान लगभग 3,200 किमी की लंबाई में 2/4/6-लेन बनाने, सुदृढ़ीकरण, सुधार आदि के कार्य शुरू किए गए हैं, जिनमें से, लगभग 2,000 की लंबाई किमी को पूरा किया जा चुका है। 120 किमी में से 117 किमी और 72.70 किमी में से 46.50 किमी लंबाई को क्रमशः रारा-50 (पुराना रारा-13) के होसपेट-चित्रदुर्ग खंड और रारा-48 (पुराना रारा-4) के चित्रदुर्ग-दावनगेरे खंड परियोजनाओं का चार-लेन में विकास/उन्नयन करके पूरा किया जा चुका है।

*****